**प्रकाशनार्थ समाचार**

# जिला सहकारी बैंक की 101वीं वार्षिक आमसभा सम्पन्न

**वर्ष 2015—16 में रूपये 869.00 लाख का शुद्ध लाभ अर्जित**

**उत्कृष्ट कार्य हेतु बैंक कर्मचारियों को किया गया पुरूस्कृत**

**विदिशा, 14.09.2015**

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित विदिशा की वित्तीय वर्ष 20015—16 की 101वीं वार्षिक साधारण सभा बुधवार दिनांक 14 सितम्बर 2016 को जालोरी गार्डन विदिशा में आयोजित की गई जिसमें बड़ी संख्या में बैंक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय प्रकाश सिंह ने आमसभा में पधारे समस्त प्रतिनिधियों का स्वागत किया।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में बैंक अध्यक्ष श्री श्याम सुन्दर शर्मा ने उपस्थित प्रतिनिधियों का आत्मीय स्वागत करते हुए कहा कि, बैंक की यह 101वीं वार्षिक साधारण सभा ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व है। बैंक अध्यक्ष होने के नाते प्रतिनिधियों की उपस्थिति में अपने अंशधारियों को रूपये 200.00 लाख के लाभांश वितरण की घोषणा करते हुए मुझे प्रसन्नता हो रही है। आप सभी को यह जानकर प्रसन्नता होगी कि, आपकी बैंक लाभप्रदता के क्रम को बनाये रखते हुए वर्ष 2015—16 में रूपये 869.00 लाख का शुद्ध लाभ अर्जित किया गया है। बैंक अध्यक्ष श्री शर्मा ने अपने उद्बोधन में बैंक द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में की गयी उल्लेखनीय प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, बैंक की उत्तरोत्तर प्रगति बैंक संचालक मंडल द्वारा लिये गए निर्णयों एवं बैंक कर्मचारियों द्वारा परिश्रम पूर्वक कार्य करने का ही परिणाम है। बैंक अध्यक्ष ने आगे कहा कि, बैंक प्रबंधन द्वारा कर्मचारी कल्याण में भी कोई कसर नहीं छोड़ी गयी है। कर्मचारी कल्याण कोष से रूपये 6.42 लाख की आर्थिक सहायता बैंक कर्मचारियों को प्रदान की गयी है। बैंक कर्मचारियों को बोनस एवं एक्सग्रेसिया के रूप में रूपये 70.00 लाख की राशि का प्रावधान किया गया है साथ ही अच्छा कार्य करने वाले बैंक एवं समिति कर्मचारियों को पुरूस्कृत करने की व्यवस्था भी बैंक प्रबंधन द्वारा की जाती है।

आमसभा में बैंक अध्यक्ष श्री शर्मा ने प्रदेश के संवेदनशील किसान हितेषी मुख्यमंत्री माननीय श्री शिवराज सिंह जी चौहान के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कहा कि, कृषक हितेषी सरकार द्वारा लिये गये निर्णयानुसार तय समय पर ऋण चुकाने वाले कृषकों को 0 प्रतिशत ब्याज पर

अल्पकालीन ऋण किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है। अंत में बैंक अध्यक्ष द्वारा नाबार्ड सहकारिता विभाग, शीर्ष बैंक, एन.सी.डी.सी. अंशधारक सहकारी समितियों, जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं मीडिया का बैंक प्रगति में दिये गये सहयोग एवं मार्गदर्शन हेतु आभार प्रकट किया गया।

बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विनय प्रकाश सिंह ने वित्तीय वर्ष 2015–16 में बैंक द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में की गई उल्लेखनीय प्रगति की जानकारी देते हुए आमसभा में वित्तीय वर्ष 2015–16 का वार्षिक प्रतिवेदन, अंकेक्षित वित्तीय पत्रक, अंकेक्षण प्रतिवेदन वर्ष 2017–18 के लिए प्रस्तावित कार्यक्रम, अनुमानित आय व्यय, बैंक की ऋण लेने की अधिकतम सीमा का निर्धारण, वर्ष 2015–16 के शुद्ध लाभ का विभाजन आदि विषय प्रस्तुत किये गये। जिनका अनुमोदन सर्वसम्मति से आमसभा द्वारा किया गया।

## उत्कृष्ट कार्य हेतु कर्मचारी हुए पुरूस्कृत

वार्षिक आमसभा उपरांत बैंक एवं संस्था स्तर पर उत्कृष्ट कार्य संपादन पुरूस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय श्री सूर्यप्रकाश जी मीणा, राज्यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन एवं मंचासीन अतिथियों द्वारा सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवित कर, वंदे मातरम गीत उपरांत कार्यक्रम शुभांरभ हुया। बैंक अध्यक्ष श्री श्याम सुंदर शर्मा एवं सी. ई. ओ. श्री विनय प्रकाश सिंह द्वारा मुख्य अतिथि एवं मंचासीन अतिथियों का पुष्प मालाओं से स्वागत कर स्मृति स्वरूप उपहार भेंट किये गये।

इस अवसर पर बैंक द्वारा अमानत संग्रहण, ऋण वसूली, एन. पी. ए. मैनेजमेंट में उत्कृष्ट कार्य करने वाली शाखाओं के शाखा प्रबंधक एवं स्टाफ को व्यक्तिगत रूप से एवं समिति स्तर पर सर्वाधिक ऋण वसूली, कालातीत ऋण की वसूली, समय पर वार्षिक पत्रक प्रस्तुत करने वाली समितियों, समसायिक जानकारियां समय पर प्रस्तुत करने वाले पर्यवेक्षक, सर्वाधिक खाद वितरण करने वाली समितियों को पुरूस्कृत किया गया। इसी प्रकार प्रधान कार्यालय स्तर पर सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को भी पुरूस्कृत किया गया।

मुख्य अतिथि श्री सूर्यप्रकाश जी मीणा ने बैंक की 101वीं वार्षिक आमसभा के आयोजन पर अपनी शुभकामनायें दीं तथा कहा कि, प्रदेश के अन्य बैंकों की तुलना में विदिशा बैंक प्रदेश में अग्रणी बैंक के रूप में जाना जाता है जिस हेतु बैंक अध्यक्ष एवं समस्त स्टाफ बधाई का पात्र है। श्री मीणा ने कहा कि, प्रदेश के मुखिया माननीय श्री शिवराज सिंह जी की मंशानुरूप बैंक और प्रशासन को मिलकर किसानों के हित में जोर शोर से कार्य करना है। श्री मीणा ने कहा कि,

मुख्यमंत्री जी ने मुझे उद्यानिकी विभाग का कार्य सौंपा है इस क्षेत्र में किसानों की तरक्की के लिए उद्यानिकी विभाग एवं बैंक मिलकर किसानों के हित में निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री तोरण सिंह दांगी, श्री कल्याण सिंह ठाकुर विधायक विदिशा, श्री वीर सिंह पंवार विधायक कुरवाई, कलेक्टर श्री अनिल सुचारी ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

बैंक अध्यक्ष श्री शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि, प्रदेश के संवेदनशील एवं किसान हितैषी मुख्यमंत्री माननीय श्री शिवराज सिंह जी के निर्देशानुसार बैंक द्वारा मुआवजा राशि, फसल बीमा की राशि, 0 प्रतिशत पर के. सी. सी. खाद बीज का वितरण, गेहूँ खरीदी, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास मिशन अंतर्गत आवास ऋण वितरण के साथ साथ शासन की विभिन्न योजनाओं का सफल क्रियान्वयन बैंक द्वारा किया जा रहा है। हाल ही में बरबटपुरा बस्ती में भीषण आगजनी से प्रभावित 32 रहवासियों को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत तत्समय ही ऋण वितरण किया गया है।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेन्द्र चौधरी, उपायुक्त सहकारिता श्री भूपेन्द्र प्रताप सिंह, बैंक उपाध्यक्षगण श्री प्रेमनारायण विश्वकर्मा, श्री दिनेश सोनी, संचालकगण सर्वश्री डॉ. अमरीक सिंह कंग, भगवान सिंह धाकड़, संतोष चौरे, दीपक खोड़के, मुकेश सक्सेना, श्रीमति अंजूलता ताम्रकार, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष श्री पदम सिंह भदौरिया, श्री संतोष शर्मा कार्यालय मंत्री भाजपा, श्री शैलेन्द्र ठाकुर मीडिया प्रभारी भाजपा, श्री श्यामलाल पंथी पूर्व विधायक, श्री जमना प्रसाद सोनकर, श्री पूरनचंद जी, श्रीमति सीमा शर्मा, शबनम खान, महामंत्री नगर मंडल भाजपा उदय ढोली, श्री संतोष पेंटर, श्री राघवेंद्र राठौर, श्री कमल सिंह रघुवंशी, प्रमुख रूप से उपस्थिति थे।

कार्यक्रम का संचालन श्री बागमल जैन द्वारा किया गया एवं आभार प्रकट बैंक अध्यक्ष श्री श्याम सुन्दर शर्मा एवं सी.ई.ओ. श्री विनय प्रकाश सिंह द्वारा किया गया।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित**
**विदिशा**

**प्रति,**

**प्रतिनिधि / ब्यूरो चीफ**

**दैनिक ..........................**

**विदिशा**